**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 20.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- *भारतीय डाक विभाग का उन्नत डाक प्रौद्योगिकी के शुभारंभ* के साथ डिजिटल परिवर्तन के नए युग में प्रवेश।
- आयुष अस्पताल की ओर से "सोयामील – एक संपूर्ण प्रोटीन विकल्प" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- द्वीपसमूह में 08 सितम्बर से सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा।
- एम वी स्वराज द्वीप कल सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><><>

भारतीय डाक विभाग ने कल उन्नत डाक प्रौद्योगिकी के राष्ट्रव्यापी शुभारंभ के साथ डिजिटल परिवर्तन के नए युग में प्रवेश करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी दृष्टिकोण और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के मार्गदर्शन में आरंभ हुई इस पहल को भारतीय डाक विभाग का डिजिटल इंडिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह प्रणाली सरकार के मेघराज 2.0 क्लाउड पर चलती है और भारत संचार निगम लिमिटेड की राष्ट्रव्यापी कनेक्टिविटी से समर्थित है। यह नई प्रणाली अगली पीढ़ी की कई सुविधाएं प्रदान करती है, जिनमें एकीकृत इंटरफ़ेस, क्यूआर–कोड–आधारित भुगतान, ओटीपी–आधारित डिलीवरी और सटीकता में सुधार के लिए 10–अंको का अल्फ़ान्यूमेरिक डिजी पिन शामिल हैं।

<><><><><><><><>

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में यह प्रगति देश की केंद्रित नीतियों और रणनीतिक योजना को दर्शाती है। भारत ने अपनी सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता को दोगुना कर लिया है और पेरिस समझौते के लक्ष्य से पांच साल पहले ही संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन का नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य हासिल कर लिया है। देश में अब कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 484 दशमलव आठ दो गीगावाट का 50 प्रतिशत से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त हो रहा है। भारत अब नवीकरणीय ऊर्जा स्थापन क्षमता में विश्व में चौथे, पवन ऊर्जा में भी चौथे और सौर ऊर्जा क्षमता में तीसरे स्थान पर है। जुलाई 2025 तक भारत की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 119 दशमलव शून्य दो गीगावाट पहुंच गई है।

<><><><><><><><>

आयुष अस्पताल की ओर से अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए "सोयामील – एक संपूर्ण प्रोटीन विकल्प" विषय पर हाल ही में एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में होम्योपैथिक की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनाबिका ने लोगों को दैनिक आहार में सोयामील को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर योग कक्षा के प्रतिभागियों के लिए भी समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाला एक योग सत्र आयोजित किया गया। यह पहल सोयामील को एक संपूर्ण प्रोटीन विकल्प के रूप में लोकप्रिय बनाने और लोगों में इसके व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। जागरूकता कार्यक्रमों में कुल 105 से अधिक लोगों ने भाग लिया। ये पूरा कार्यक्रम आयुष के उप निदेशक डॉ. कल्याण पी. कदभाने की देखरेख में आयोजित किया गया।

<><><><><><><><>

डिगलीपुर के शांति नगर में हाल ही में एक नए स्वास्थ्य उप–केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव एस ने कहा कि प्रशासन ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सके। उन्होंने जनता से उप–केंद्र की सेवाओं का उपयोग करने का आग्रह करते हुए स्वास्थ्य सेवा वितरण में और सुधार के लिए निरंतर प्रयास का आश्वासन दिया। डिगलीपुर पंचायत समिति के प्रमुख और गांधीनगर ग्राम पंचायत के प्रधान ने कहा कि इस स्वास्थ्य उप–केंद्र के आ जाने से लोगों को लाभ मिलेगा। यह उप–केन्द्र शांति नगर और उसके आसपास के परिवारों की स्वास्थ्य सेवा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करेगा और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा, टीकाकरण, बुनियादी उपचार और निवारक स्वास्थ्य शिक्षा जैसी सेवाएँ प्रदान करेगा। इस

अवसर पर डिगलीपुर पंचायत समिति के प्रमुख, उप–जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गांधीनगर ग्राम पंचायत प्रधान और स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

<><><><><>

द्वीपसमूह में 08 सितम्बर से 19 सितम्बर तक सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा। कोलकाता पीठ केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के उप रजिस्ट्रार ने कहा है कि इस दौरान नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएँगे। जिन विभागों के मामले कैट के पास विचाराधीन हैं, उनसे संबंधित दस्तावेजों के साथ सरकारी वकील या पैनल अधिवक्ताओं से संपर्क करने का अनुरोध किया गया है। विभागाध्यक्षों से भी अपने नोडल अधिकारियों को सुनवाई के दिन संबंधित दस्तावेजों के साथ न्यायाधिकरण में उपस्थित रहने का निर्देश देने को कहा गया है।

इस बीच, श्री विजयपुरम में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिस्वजीत बसु और न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप कल सुबह 10:00 बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य सुबह 8:00 बजे से 9:00 बजे तक चलेगा। अतिरिक्त सामानों की जांच आज दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक की जाएगी।

<><><><><>

डिगलीपुर में हाल ही में नवनिर्मित और पूरी तरह सुसज्जित जिम का उद्घाटन किया गया। विवेकानंद स्टेडियम के पास स्थित इस जिम को अत्याधुनिक फिटनेस उपकरणों, एयर कंडीशनिंग सुविधाओं और बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ उन्नत किया गया है। इस पुनर्निर्मित भवन का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव एस ने किया। इस अवसर पर उप शिक्षा अधिकारी सुलोचना भी उपस्थित थी। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए आज की दुनिया में शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय में अनुबंध के आधार पर राज्य समन्वयक के पद पर भर्ती की जाएगी। इस संबंध में चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार पच्चीस और छब्बीस अगस्त को समाज कल्याण निदेशालय के सचिव कक्ष में लिया जाएगा। साक्षात्कार दोपहर बाद ढाई बजे से रखा गया है। उम्मीदवारों के मूल दस्तावेजों की जांच बाईस अगस्त को सुबह दस बजे से दिन में बारह बजे तक गोलघर स्थित समाज कल्याण विभाग में की जाएगी।

<><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से जुलाई 2025 सत्र के लिए सर्टिफिकेट प्रोग्राम को छोड़कर सभी कार्यक्रमों में नए प्रवेश की तिथि और अगले वर्ष के लिए पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ा दी है। इच्छुक छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट 'छात्र सेवा–प्रवेश अनुभाग' से नए प्रवेश और पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><>

रोटरी क्लब ऑफ़ पोर्ट ब्लेयर नेक्स्टजेन ने 18 अगस्त को अपना पाँचवाँ स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष पद के लिए रोटेरियन मंदीप ग्रेवाल, महासचिव के पद के लिए रोटेरियन एम. विग्नेश और कोषाध्यक्ष पद के लिए रोटेरियन सोनू जॉर्ज इप्पन को नियुक्त किया गया है। इस कार्यक्रम में अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर मुख्य अतिथि के रूप में, जबकि रोटरी क्लब ऑफ़ पोर्ट ब्लेयर के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद एच. जाडवेट सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने आगामी वर्ष में चलाए जाने वाले सेवा परियोजनाओं पर जानकारी दी।

<><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज एक या दो स्थानों पर तेज़ हवा के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 35 से 45 किमी प्रति घंटे तक चलेगी, जो बढ़कर 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक हो सकती हैं। समुद्र काफी अशांत रहेगा। श्री विजयपुरम बंदरगाह पर खतरे का संकेत नम्बर–3 लगा दिया गया है।

<><><><><>